# विषय–व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

**Set-A**

**नोट :** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) अहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक के लिए 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) वैधानिकता के आधार पर बाजार को कितने भागों में विभक्त किया गया है?

| | |
|---|---|
| (अ) 2 | (ब) 3 |
| (स) 4 | (द) 5 |

(ii) द्वितीय पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ कब हुआ?

| | |
|---|---|
| (अ) 1 अप्रैल , 1950 | (ब) 1 अप्रैल, 1951 |
| (स) 1 अप्रैल, 1956 | (द) 31 मार्च, 1956 |

(iii) भूमि का कौन-सा लगान प्राप्त नहीं होता?

| | |
|---|---|
| (अ) ठेका लगान | (ब) आर्थिक लगान |
| (स) आभासी लगान | (द) कुल लगान |

(iv) निम्नलिखित में से प्रत्येक कर कौन-सा है?

| | |
|---|---|
| (अ) बिक्री कर | (ब) मनोरंजन कर |
| (स) आयकर | (द) आयात-निर्यात कर |

(iv) वितरण में किसका हिस्सा अनिश्चित रहता है?

| | |
|---|---|
| (अ) भूमिपति | (ब) पूँजीपति |
| (स) साहसी | (द) संगठन कर्ता |

**(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) वस्तु-विभाजन की समस्या ...................प्रणाली में लागू होती है

(ii) वह लगान जो भूस्वामी और किसान के बीच समझौते के आधार पर तय होता है, उस ..........लगान कहते हैं।

(ii) जिस बजट में आय एवं व्यय बराबर होता है, उसे .........बजट कहते हैं।

(iv) निगम कर को ...............कर की श्रेणी में रखा जाता है।

(v) ग्यारहवी पंचवर्षीय योजना का समापन .........सन् में होगा।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

2. विनिमय की दो विशेषताएँ लिखिए।
3. क्या सहसम्बन्ध धनात्मक हो सकता है?
4. माध्य विचलन का सूत्र लिखकर स्पष्ट कीजिए।
5. आर्थिक नियोजन की दो सीमाएँ बताइए।
6. अपूर्ण बाजार किस कहते हैं?
7. भारत के प्राकृतिक भागों के नाम लिखिए।
8. व्यापारिक फसल के दो उदाहरण बताइए।
9. उपभोक्ता माल उद्योग को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)

10. गहन खेती को लगान तालिका बनाकर स्पष्ट कीजिए।
11. एकाधिकार बाजार की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
12. करारोपण में सुविधा सिद्धांत को समझाइए।
13. अपकिरण के तीन महत्व बताइए।
14. खरीफ फसल और रबी फसल में तीन अंतर बताइए।
15. भारतीय कागज उद्योग की दशा सुधारने के तीन उपाय बताइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)

16. प्रत्यक्ष कर के चार गुण लिखिए।

**अथवा**

अप्रत्यक्ष कर के चार दोष लिखिए।

17. भारत में ब्याज की दर ऊँची होने के चार कारणों को समझाइए।

**अथवा**

वास्तविक मजदूरी को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए।

18. 'गैट' समझौते से भारत के लिए सम्भावित दोषों को समझाइए (कोई चार)।

**अथवा**

आर्थिक उदारीकरण में अपनाए गए कोई चार उपाए समझाइए।

19. निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x | : | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
| y | : | 15 | 25 | 30 | 40 | 45 |

**अथवा**

7 प्रकार के लिपसिटक में से दो लड़कियों द्वारा निम्न क्रय किए गए हैं। कोटि विधि द्वारा स्पियरमैन का सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए–

| लिपस्टिक | A | B | C | D | E | F | G |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनिशा | 2 | 1 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| हर्षा | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |

20. भारत की जलवायु का आर्थिक महत्व बताइए।

**अथवा**

भूमि कटाव के किन्हीं चार दुष्परिणामों को समझाइए।

21. स्पियरमैन के सहसम्बन्ध गुणांक के चार लक्षण लिखिए।

**अथवा**

कार्ल पियर्सन के सहसम्बन्ध गुणांक के चार लक्षण लिखिए।

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द)

22. पश्चिम बंगाल में कागज उद्योग के स्थानीयकरण के कोई पाँच कारण दीजिए।

**अथवा**

जूट उद्योग पश्चिम बंगाल में केन्द्रित होने के कोई पाँच कारण दीजिए।

23. कपास के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं को लिखिए।

**अथवा**

भारत में सिंचाई के कोई पाँच महत्व लिखिए।

24. निम्न सूचनाओं से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक ज्ञात कीजिए–

| क्रमांक : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आकार : | 15 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

**अथवा**

निम्न समंकों से चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए–

| क्रमांक : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आकार : | 15 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

25. अपूर्ण प्रतियोगिता के कोई पाँच लक्षण बताइए।

**अथवा**

क्या पूर्ण प्रतियोगिता एक कल्पना है? समझाइए।

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द)

26. वस्तु की विशेषताएँ बाजार के विस्तार को कैसे प्रभावित करती हैं (कोई छः)?

**अथवा**

वस्तु विनिमय की किन्हीं छः समस्याओं को समझाइए।

27. भारत में पंचवर्षीय योजनाएँ पूर्ण रूप से सफल नहीं हैं। कोई छः कारण दीजिए।

**अथवा**

com

आर्थिक नियोजन की सफलता के लिए आवश्यक तत्वों को समझाइए।